# व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता

तृतीय संस्करण

1 मार्च, 2019

COTECNA INSPECTION SA
41 avenue Peschier
CH-1206 GENEVA
टेलीफोन: +41 22 849 69 00
फैक्स: +41 22 849 69 89
cotecna.geneva@cotecna.com
www.cotecna.com

# विषय-सूची

परिचय 3
संहिता की प्रभावी तिथि 3
कार्यक्षेत्र और प्रयोज्यता 4
अधिक जानकारी चाहिए? 4
सिद्धांत 5
सत्यनिष्ठा 5
हितों का टकराव 5
गोपनीयता और डेटा संरक्षण 5
रिश्वतखोरी रोधी 5
उचित व्यवसाय आचरण 5
कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व 6
स्वास्थ्य एवं सुरक्षा 6
फेयर लेबर 6
हमारे सिद्धांतों का इस्तेमाल 7
1.1 सत्यनिष्ठा 7
1.2 हितों का टकराव 7
1.3 गोपनीयता और डेटा संरक्षण 7
1.4 रिश्वतखोरी रोधी 8
1.5 उचित व्यवसाय आचरण 9
1.6 स्वास्थ्य एवं सुरक्षा 10
1.7 फेयर लेबर 10
कार्यक्रम का आयोजन 11
सत्यापन 15

# परिचय

"Cotecna में, सत्यनिष्ठा एवं व्यवसाय नैतिकता हमारे कारोबार संचालन के आधार हैं और हमारी कंपनी के निर्माण के महत्वपूर्ण तत्व हैं"

- सेबेस्टियन डैनानॉड, मुख्य कार्यकारी अधिकारी

हमने संपूर्ण नेटवर्क में व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम को लागू किया है। कार्यक्रम का केंद्रबिंदु व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता है। संहिता के सिद्धांत तथा संबद्ध नियम और प्रक्रियाएँ समूह की सभी गतिविधियों पर लागू होती हैं, और इनमें निम्नलिखित क्षेत्रों में तकनीकी एवं पेशेवर आचरण के लिए मानक शामिल हैं:

> **सत्यनिष्ठा**
> **हितों का टकराव**
> **गोपनीयता और डेटा संरक्षण**
> **रिश्वतखोरी की रोकथाम**
> **नैतिकतापूर्ण विपणन और उचित प्रतिस्पर्धा**
> **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व - स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, फेयर लेबर**

यह अपेक्षित है कि सभी कर्मचारी 'व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता' से प्रतिबद्ध रहें, और उनका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करें। हम पारदर्शिता को प्रोत्साहित करने के साथ ऐसे कामकाजी माहौल को बढ़ावा देते हैं, जहां नैतिक मुद्दों को उठाया जा सके और तदनुसार मार्गदर्शन दिया जा सके। हमारा समर्पित अनुपालन विभाग हमारे संगठन के समस्त कर्मचारियों और प्रबंधन को सहयोग प्रदान करता है ताकि हमारे सत्यनिष्ठा एवं नैतिक मानकों को सख्ती से लागू करना सुनिश्चित किया जा सके।

सबसे महत्वपूर्ण बात, हम सभी कारोबारी बातों की तुलना में व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन को सर्वोपरि स्थान देते हैं।

Cotecna की इस व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता (तृतीय संस्करण) में टीआईसी परिषद ("टीआईसीसी") द्वारा प्रकाशित दिनांक 13 दिसंबर, 2018 की टीआईसी परिषद अनुपालन संहिता (प्रथम संस्करण) की आवश्यकताओं को दर्शाया गया है [1]

पूरे संगठन में हमारी व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता को लागू करना सुनिश्चित करने के लिए, हम अपने व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम का कंपनी के बाहरी ऑडिटरों द्वारा वार्षिक रूप से स्वतंत्र सत्यापन कराते हैं, और प्राप्त परिणामों की सूचना टीआईसीसी को दी जाती है।

## संहिता की प्रभावी तिथि

Cotecna की व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता (तृतीय संस्करण) 1 मार्च, 2019 को प्रभावी होती है।

[1] टीआईसीसी का गठन दिसंबर 2018 में इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इंस्पेक्शन एजेंसीज (आईएफ़आईए) और सीईओसी इंटरनेशनल के विलय के बाद हुआ था, और यह परीक्षण, निरीक्षण एवं प्रमाणन (टीआईसी) उद्योग में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों एवं संगठनों का प्रतिनिधित्व करता है।

## कार्यक्षेत्र और प्रयोज्यता

Cotecna की व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता दुनिया भर में फैले Cotecna के कार्यालयों के नेटवर्क में होने वाली समस्त गतिविधियों पर लागू है, और इस प्रकार यह Cotecna के सहयोगियों और शाखा कार्यालयों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों पर भी लागू होती है।

Cotecna के साथ अपने रोजगार/नौकरी की एक शर्त के रूप में, Cotecna के समस्त कर्मचारियों के लिए इस संहिता को पढ़ना, समझना और स्वीकार करना आवश्यक है। व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम के उद्देश्य से, कर्मचारियों से अभिप्राय उन व्यक्तियों से है जिन्हें Cotecna द्वारा नियत या अनिर्धारित समयावधि के लिए रोजगार अनुबंध के तहत नियोजित किया गया है, इसमें एक रोजगार एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराए गए अस्थायी कर्मचारी भी शामिल हैं।

Cotecna द्वारा नियोजित **व्यवसाय भागीदारों** के लिए भी व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता के सिद्धांतों का अनुपालन करना आवश्यक है। व्यवसाय भागीदारों को उप-ठेकेदारों, एजेंटों, प्रतिनिधियों, सलाहकारों, बिचौलियों, संयुक्त उद्यम भागीदारों तथा ऐसे किसी भी अन्य पक्ष के रूप में परिभाषित किया जाता है जो Cotecna का प्रतिनिधित्व करने या बढ़ावा देने, या तकनीकी निरीक्षण, परीक्षण, प्रमाणन को आउटसोर्स करने और संबंधित पेशेवर सेवाएं प्रदान करने के कार्यों में संलग्न हैं।

सभी व्यवसाय भागीदारों को व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता के सिद्धांतों का अनुपालन करने के लिए लिखित प्रतिबद्धता देनी होगी, और Cotecna को इन सिद्धांतों के साथ उनके अनुपालन की समय-समय पर निगरानी करने की अनुमति प्रदान करनी होगी।

## अधिक जानकारी चाहिए?

यदि आपको व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता, इसके कार्यान्वयन, विशिष्ट आंतरिक प्रक्रियाओं, या Cotecna के व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम के किसी भी अन्य पहलू के बारे में और जानकारी की आवश्यकता है, तो कृपया अनुपालन विभाग से संपर्क करने में संकोच न करें:

ईमेल: compliance@cotecna.com

टेलीफोन: +41 (0)22 849 7814

# सिद्धांत

## सत्यनिष्ठा

हमारी सभी गतिविधियों में:

- हम पेशेवर, स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से काम करते हैं
- हम अपना काम ईमानदारी से करते हैं, और अपने अनुमोदित तरीकों और प्रक्रियाओं में कोई भी विचलन बर्दाश्त नहीं करते
- हम सुनिश्चित करते है कि जहां अनुमोदित परीक्षण विधियों द्वारा परिणामों में सहनशीलता का प्रावधान है, वहाँ वास्तविक परीक्षण निष्कर्षों को बदलने में ऐसी सहनशीलता का दुरुपयोग न हो
- हम डेटा, परीक्षण के परिणाम और अन्य वास्तविक तथ्यों को सद्भाव में सूचित करते हैं और उनमें गलत तरीके से बदलाव नहीं करते, और हम केवल वही रिपोर्ट और प्रमाणपत्र जारी करते हैं जिसमें सही ढंग से वास्तविक निष्कर्षों, पेशेवर विचारों या प्राप्त परिणामों को प्रस्तुत किया जाता है

## हितों का टकराव

हम हितों के टकराव से बचते हैं:

- ऐसी कोई भी संबंधित संस्था जिसमें हमारा वित्तीय या वाणिज्यिक हित निहित है, और जिन्हें हमारे द्वारा सेवाएं प्रदान करना आवश्यक है
- विभिन्न गतिविधियों में संलग्न Cotecna की कंपनियों और/या डिवीजन के बीच, लेकिन जो या तो समान क्लाइंट को या एक-दूसरे को सेवाएं प्रदान कर सकते हैं
- हमारे कर्मचारियों और Cotecna के हितों के बीच

## गोपनीयता और डेटा संरक्षण

Cotecna, क्लाइंट से जुड़ी जानकारी की गोपनीयता और निजता का सम्मान करता है, साथ ही ऐसी जानकारी को पर्याप्त ढंग से सुरक्षित करने वाली प्रक्रियाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

हम अपनी सेवाओं की प्रदायगी के दौरान प्राप्त सभी जानकारी को तब तक गोपनीय रखते हैं जब तक ऐसी जानकारी पहले से प्रकाशित न हो, सामान्यतः तृतीय पक्षों के लिए या सार्वजनिक डोमेन में अन्यथा प्रकार से उपलब्ध न हो।

## रिश्वतखोरी रोधी

हम करार संबंधी भुगतान के किसी भी भाग पर किकबैक सहित किसी भी रूप में रिश्वत की पेशकश या स्वीकृति का निषेध करते हैं।

हम ग्राहकों, एजेंटों, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं या ऐसे किसी पक्ष के कर्मचारियों या सरकारी अधिकारियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए या उनसे अनुचित लाभ पाने के लिए अन्य मार्गों या चैनलों के उपयोग का निषेध करते हैं।

## उचित व्यवसाय आचरण

Cotecna अपने कार्यों के संचालन में व्यवसाय नैतिकता एवं सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करता है, और ऐसा कुछ भी नहीं करेगा जिससे उसकी स्वयं की, टीआईसी परिषद की या टीआईसी उद्योग की प्रतिष्ठा पर आंच आए।

हम प्रतिस्पर्धियों एवं उनकी सेवाओं की तुलना सहित Cotecna का प्रतिनिधित्व और विपणन गतिविधियों का संचालन केवल इस तरीके से करते हैं जो:

- सच्चा हो
- भ्रामक न हो
- गुमराह करने वाला या गुमराह करने की संभावना वाला न हो

## कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

### स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

Cotecna अपने कर्मचारियों, ग्राहकों और तृतीय पक्षों के समुचित स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण और प्रक्रियाओं को लागू करता है, और कारोबार संचालन के दौरान जोखिम कम करने के लिए घटनाओं पर नज़र रखता है।

### फेयर लेबर

Cotecna अपने कर्मचारियों और लोगों के साथ अपने संचालन वाले समुदायों और वातावरण के प्रति अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को समझता है, और मानवाधिकारों का सम्मान करता है।

## हमारे सिद्धांतों का इस्तेमाल

हम नीचे दिए गए नियमों के क्रियान्वयन के माध्यम से अपने सिद्धांत लागू करते हैं। ये उन विस्तृत प्रक्रियाओं और कार्य निर्देशों द्वारा समर्थित हैं जिन्हें हमारे समूह अनुपालन मैनुअल प्रकाशित किया गया है, और ये कॉर्पोरेट इंट्रानेट साइट (Cotecnet) के माध्यम से सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध हैं।

### 1.1 सत्यनिष्ठा

1.1.1 Cotecna अपने कर्मचारियों को उन ग्राहकों के साथ डीलिंग करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है जो स्वीकार्य परिणाम प्राप्त करने के लिए Cotecna से थोड़ी ढिलाई बरते जाने की उम्मीद करते हैं।

1.1.2 Cotecna अपनी सक्रियता वाले व्यावसायिक सेक्टर में, प्रभावी टीआईसीसी समिति द्वारा प्रकाशित किसी भी सेक्टर विशिष्ट सत्यनिष्ठा नियमों का अनुपालन करता है।

### 1.2 हितों का टकराव

1.2.1 Cotecna के व्यापार लेनदेन और सेवाओं में हितों के टकराव की मौजूदगी या उसकी प्रतीति से बचने के लिए, Cotecna द्वारा हितों के टकराव से संबंधित एक नीति बनाई गई है।

1.2.2 Cotecna की नीति निम्नलिखित के बीच हितों के टकराव से बचने के लिए कर्मचारियों को दिशानिर्देश प्रदान करती है:

i. Cotecna और किसी भी ऐसी संबंधित संस्था के बीच जिसमें Cotecna का वित्तीय या वाणिज्यिक हित निहित है, और जिसको इसे सेवा प्रदान करना आवश्यक है; और

ii. विभिन्न गतिविधियों में संलग्न Cotecna की कंपनियों और/या डिवीजन के बीच, लेकिन जो या तो समान क्लाइंट को या एक-दूसरे को सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

1.2.3 Cotecna की नीति अपने कर्मचारियों यह निर्देशित करती है कि वे कम से कम:

i. सीधे या रिश्तेदारों, दोस्तों या बिचौलियों के माध्यम से Cotecna के आपूर्तिकर्ता, क्लाइंट या प्रतिस्पर्धी कंपनियों में कोई हित धारण नहीं करेंगे, सिवाय एक पब्लिक स्टॉक एक्सचेंज में क्लाइंट, आपूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धी के शेयर खरीदने के, और यह केवल उस हद तक होगा जिससे क्लाइंट, आपूर्तिकर्ता या प्रतिस्पर्धी के मामलों पर कोई व्यापक प्रभाव न डाले, और जो कर्मचारी को अपनी वित्तीय स्थिति के लिए अनावश्यक रूप से निर्भर न बनाए।

ii. किसी प्रतिस्पर्धी या क्लाइंट के यहाँ किसी पद को धारण न करें।

iii. अपने परिवार के किसी भी सदस्य के साथ या ऐसे किसी व्यक्ति या संगठन के साथ कोई कंपनी कारोबार संचालित न करें जिसके साथ वे या उनका परिवार संबंधित हो।

iv. Cotecna के प्रबंधन की मंजूरी के बिना अपने परिवार के किसी सदस्य को रोजगार में न रखें।

### 1.3 गोपनीयता और डेटा संरक्षण

1.3.1 Cotecna के कर्मचारियों को अपनी नौकरी की एक शर्त के रूप में एक गैर-प्रकटीकरण अनुबंध (नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट) पर हस्ताक्षर करना होगा जो उन्हें अपनी नौकरी के दौरान किसी भी अन्य पक्ष से हासिल किसी भी गोपनीय व्यापार जानकारी के प्रकटीकरण पर रोक लगाता है।

1.3.2 Cotecna सुनिश्चित करता है कि सभी व्यवसाय भागीदार (जैसा कि 2.10 में परिभाषित है) उस व्यावसायिक जानकारी की गोपनीय प्रकृति से अवगत हों जिन्हें वे Cotecna के साथ अपनी डीलिंग के माध्यम से प्रबंधित कर सकते है, और उन्हें अन्य पक्षों को ऐसी गोपनीय जानकारी का खुलासा नहीं करना चाहिए।

1.3.3 Cotecna द्वारा क्लाइंट जानकारी की सुरक्षा के संबंध में नीतियां एवं प्रक्रियाएँ बनाई गई हैं, जो Cotecna कार्यालयों और अन्य स्थानों की भौतिक सुरक्षा को संबोधित करती हैं, और कर्मचारियों को क्लाइंट जानकारी को सुरक्षित रखने के उपायों के साथ ही गैर-अधिकृत पक्षों से ऐसी जानकारी के प्रकटीकरण को रोकने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। Cotecna की सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित अंतिम उपयोगकर्ता नीति में उन सभी नीतियों और नियमों का वर्णन है जिन्हें Cotecna की आईटी हार्डवेयर एवं सिस्टम को एक्सेस करने वाले सभी कर्मचारियों को पालन करना अपेक्षित है।

1.3.4 व्यक्तियों, क्लाइंट या कर्मचारियों से संबंधित या संबंधित हो सकने वाले डेटा के रूप में परिभाषित व्यक्तिगत डेटा, जिसमें नाम, पता, ईमेल पता या Cotecna की वेबसाइट के उपयोग करते समय देखा गया उपयोगकर्ता व्यवहार शामिल है और जिसे Cotecna द्वारा अपने कारोबार के संचालन से प्राप्त किया जा सकता है, का Cotecna की प्रकाशित गोपनीयता नीति के अनुसार ही इस्तेमाल किया जाएगा।

## 1.4 रिश्वतखोरी रोधी

### 1.4.1 कानूनों का अनुपालन

Cotecna सुनिश्चित करता है कि इसके कार्यक्रम के सिद्धांत टीआईसीसी अनुपालन संहिता एवं उन सभी न्यायिक क्षेत्रों में, जहाँ Cotecna संचालित होता है, रिश्वतखोरी का मुक़ाबला करने के लिए आवश्यक स्थानीय कानूनों से जुड़ी सभी कानूनी आवश्यकताओं का पालन करता हो।

ऐसी स्थिति में, कि स्थानीय कानून कुछ अतिरिक्त या भिन्न आवश्यकतायें निर्दिष्ट करते हों, जिन्हें कार्यक्रम द्वारा कवर नहीं किया जाता, Cotecna तदनुसार संबंधित देश (शों) के लिए अपने कार्यक्रम में संशोधन करता है। उन सभी देशों के रिकॉर्ड रखे जाते हैं, जहां कार्यक्रम में संशोधन किए गए हों।

### 1.4.2 जोखिमों का विश्लेषण

Cotecna की अनुपालन समिति और / या वरिष्ठ कार्यकारी, या उनके प्रतिनिधि, हर उस देश में, जहाँ कंपनी संचालित है, रिश्वतखोरी के जोखिमों का आकलन करने और उचित नियंत्रण उपाय निर्धारित करने के लिए समय-समय पर समीक्षाओं का आयोजन करते हैं। उक्त समीक्षाएं विधिवत आयोजित की जाती है:

i. कोई नई सेवा शुरू करने से पहले या किसी नए देश में संचालन शुरू करने से पहले, और
ii. जब भी Cotecna के अनुपालन कार्यक्रम का कोई अर्थपूर्ण उल्लंघन होता है, जिससे मौजूदा नियंत्रण उपायों की समीक्षा की आवश्यकता उत्पन्न होती है।

### 1.4.3 रिश्वतखोरी का मुकाबला करने के लिए व्यवसाय सिद्धांत

Cotecna, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल एंड सोशल एकाउंटेबिलिटी इंटरनेशनल (www.transparency.org देखें) द्वारा प्रकाशित रिश्वतखोरी का मुक़ाबला करने के व्यवसाय सिद्धांतों के अनुसार अच्छी व्यावसायिक प्रथाओं एवं जोखिम प्रबंधन रणनीतियों को नियोजित करता है। इसमें निम्नलिखित क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाता है:

#### 1.4.3.1 राजनैतिक चंदा

Cotecna, इसके कर्मचारी या एजेंट, व्यवसायिक लेनदेनों में लाभ प्राप्त करने के तरीके के रूप में राजनीतिक दलों, संगठनों या राजनीति में संलिप्त व्यक्तियों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष चंदा नहीं देंगें।

प्रस्तावित राजनीतिक चंदे के लिए मानदंड एवं सम्यक आवश्यकताओं को सामूहिक अनुपालन नियमावली में वर्णित किया गया है। सभी राजनीतिक चंदे, अनुपालन समिति द्वारा पूर्व समीक्षा एवं अनुमोदन के अधीन हैं और इनके लिए संबंधित देशों में लागू कानूनों को ध्यान में रखा जाएगा।

Cotecna द्वारा दिए गए सभी राजनीतिक चंदे को लेखा रिकॉर्ड में एक अलग सामान्य खाता बही में दर्ज किया जाता है। Cotecna अपने संगठन के किसी भी भाग द्वारा किए गए ऐसे सभी भुगतानों को समेकित करता है।

#### 1.4.3.2 धर्मार्थ चंदा और प्रायोजन

Cotecna सुनिश्चित करता है कि धर्मार्थ चंदा और प्रायोजन का उपयोग रिश्वतखोरी के दूसरे तरीके के रूप में न किया जाए।

अनुमोदन के निर्धारित स्तरों के साथ-साथ, प्रस्तावित धर्मार्थ चंदा और प्रायोजन के लिए मानदंड और सम्यक आवश्यकताओं का वर्णन सामूहिक अनुपालन नियमावली में किया गया है।

अनुमोदन से पूर्व, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक प्रस्ताव की सम्यक समीक्षा की जानी चाहिए कि:

- चंदा या प्रायोजन प्राप्त करने वाला संगठन निसंदेह किसी सार्वजनिक हित में परिपूर्ण उद्देश्य के लिए कार्यरत है और उसके पास इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक वित्तीय एवं कार्मिक संसाधन मौजूद हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान रखा जाना चाहिए कि संगठन किसी अन्य उद्देश्य के बनाया गया "चेहरा" नहीं है। Cotecna की अनुपालन समिति के अनुमोदन एवं निगरानी के बिना व्यक्तियों को दान नहीं दिया जाएगा।
- वहाँ हितों को कोई टकराव नहीं है।
- प्रायोजन अनुबंध लिखित में होते हैं और इनमें Cotecna द्वारा पेशकश की गई राशि का उल्लेख होता है। यदि निधियों की पेशकश की जाती है, तो इन निधियों के उपयोग को विस्तार से निर्दिष्ट किया जाएगा और उनके उपयोग की जांच का अवसर भी मौजूद होना चाहिए।
- सभी धर्मार्थ चंदा और प्रायोजनों के रिकार्ड स्थानीय स्तर पर तैयार किए जाते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रगति की निगरानी की जाती है कि उनका उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए किया गया है या नहीं।

Cotecna द्वारा दिए गए सभी धर्मार्थ चंदे एवं प्रायोजनों को लेखा रिकॉर्ड में एक अलग सामान्य खाता बही में दर्ज किया जाता है। Cotecna अपने संगठन के किसी भी भाग द्वारा किए गए ऐसे सभी भुगतानों को समेकित करता है।

#### 1.4.3.3 सुविधा शुल्क

सुविधा शुल्क को ऐसी किसी भी नियमित या आवश्यक कार्रवाई के परिणाम को सुरक्षित करने या उसकी गति को तेज करने के लिए किए गए छोटे भुगतानों के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें सुविधा शुल्क के भुगतानकर्ता का पास कोई कानूनी या अन्य हक़ निहित होता है। Cotecna ऐसे भुगतानों को निषेधित करता है, जो भुगतानकर्ता और प्राप्तकर्ता दोनों के लिए ग़ैर-कानूनी हों।

Cotecna का मानना है कि सुविधा शुल्क रिश्वत का ही एक रूप है और इसकी पहचान करने और उन्मूलन करने की दिशा में काम करता है।

#### 1.4.3.4 उपहार, आतिथ्य और खर्चे

Cotecna ऐसी स्थिति में उपहारों, आतिथ्य या खर्चों के लेन-देन को निषेधित करता है, जब भी उक्त व्यवस्थाएं किसी व्यवसाय लेनदेन के परिणाम को प्रभावित कर सकती हैं और उचित एवं प्रामाणिक खर्च नहीं हैं। Cotecna द्वारा दिए गए सभी उपहारों, आतिथ्य एवं अन्य खर्चों को इसके लेखा रिकॉर्ड में एक अलग सामान्य खाता बही में दर्ज किया जाता है। Cotecna अपने संगठन के किसी भी भाग द्वारा किए गए ऐसे सभी भुगतानों को समेकित करता है।

अनुमोदन के निर्धारित स्तरों के साथ-साथ, प्रस्तावित उपहारों, आतिथ्य एवं अन्य खर्चों से संबंधित के लिए मानदंड एवं सम्यक आवश्यकताओं को सामूहिक अनुपालन नियमावली में वर्णित किया गया है।

ऐसे मानदंडों के कुछ उदाहरण हैं कि उक्त खर्च होने चाहिए:

> सही कारण के लिए किए गए: उपहार या मनोरंजन स्पष्ट रूप से सराहना के रूप में या वास्तविक व्यापारिक इरादे के साथ दिए जाने चाहिए।
> बाध्यता रहित: उपहार, मनोरंजन या खर्च प्राप्तकर्ता पर कोई भी बाध्यता आरोपित नहीं करता है।
> अपेक्षाओं के बिना: इसके बदले में देने वाले या देने वाले के सहयोगी के मन में या कोई अपेक्षाएं उत्पन्न नहीं होनी चाहिए या देने वाले के द्वारा इसके बदले में किसी ऐसे संव्यवहार में अधिक महत्व प्राप्त करने की अपेक्षा नहीं होनी चाहिए, जितनी प्राप्त करने वाला किसी संव्यवहार में देने वाले को प्रदान करेगा।
> खुले तौर पर किए जाने चाहिए : गुप्त रूप से किए जाने पर इसका उद्देश्य संदेह के दायरे में आ जाएगा।
> हितधारक की अवधारणा के अनुसार : मुख्य हित धारकों द्वारा उनके संज्ञान में आने पर इस संव्यवहार को प्रतिकूल रूप से नहीं देखा जाना चाहिए
> रिपोर्टेड: उपहार या खर्च को दर्ज किया जाना चाहिए और प्रबंधन को सूचित किया जाना चाहिए।
> उपयुक्त मूल्य: उपहार का आकार छोटा हो या मनोरंजन का मूल्य सामान्य व्यापारी प्रक्रिया के अनुसार हो।
> वैध: यह उस देश के कानूनों का पालन करता हो जहां यह किया गया है।
> प्राप्तकर्ता के नियमों के अनुपालन में: उपहार या मनोरंजन, प्राप्तकर्ता संस्थान के नियमों या आचार संहिता के अनुकूल हो।
> कभी-कभी: देने वाले और प्राप्त करने वाले के बीच इस प्रकार की चीजों का आदान प्रदान बार बार नहीं होना चाहिए।

## 1.5 उचित व्यवसाय आचरण

1.5.1 Cotecna अपने कर्मचारियों, एजेंटों और मतदाताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान करता है कि वे निष्पक्ष व्यापार आचरण के लिए लागू होने वाले व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन सिद्धांत का पालन करें।

1.5.2 Cotecna की निष्पक्ष व्यापार आचरण नीति में निम्नलिखित चीज़ों को निषिद्ध किया गया है:

i. प्रतियोगियों, उनके परिचालनों, सेवाओं या सेवा संबंधी प्रश्नों के बारे में झूठे बयान देना;
ii. निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा, अविश्वास या निविदा के नियमों के विरुद्ध गतिविधियां करना;
iii किसी भी व्यक्ति को उसके अनुबंध संबंधी दायित्वों (गोपनीयता संबंधी दायित्वों सहित) को भंग करने के लिए उकसाना, प्रेरित करना या प्रोत्साहित करना;
iv. वाणिज्यिक जासूसी और / या डेटा चोरी।

1.5.3 Cotecna की प्रस्तुतियाँ एवं प्रकाशन, Cotecna के नेटवर्क एवं संबद्धताओं, संसाधनों / क्षमताओं, अनुभव एवं प्रदान की जाने वाली सेवाओं को सही एवं स्पष्ट ढंग से परिलक्षित करते हैं।

## 1.6 स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

1.6.1 Cotecna की स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति, इसके कर्मचारियों को उनके कार्य को सुरक्षित ढंग से करने के लिए, चोटों एवं कार्य संबंधी बीमारियों की रोकथाम करने के लिए उपयुक्त यंत्र एवं उपकरण तथा आवश्यक प्रशिक्षण के साथ साथ सुरक्षित कार्य वातावरण एवं स्थितियाँ प्रदान करती है, और सभी प्रासंगिक कानूनी आवश्यकताओं की पूर्ति करती है।

1.6.2 Cotecna अपने कर्मचारियों को उन सभी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है, जिनमें वे शामिल होते हैं, जिसमें कम से कम निम्नलिखित शामिल हैं:

i. ऊंचाई पर, सीमित स्थानों में, गतिशील यंत्रों एवं मशीनरी के आसपास तथा ऐसे अन्य खतरों में, जो क्लाइंट और तृतीय पक्ष के परिसरों/ स्थानों में मौजूद हो सकते हैं, कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए Cotecna की आवश्यकताएं

ii. प्रयोगशालाओं में काम करने वाले व्यक्तियों के लिए Cotecna की आवश्यकताएं;

ii. Cotecna की नीतियों के अनुसार हर समय अनुमोदित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग

iii. क्लाइंट एवं निरीक्षण के स्थानों द्वारा निर्देशित अतिरिक्त स्वास्थ्य एवं सुरक्षा सावधानियों का पालन, बशर्ते कि इन निर्देशों से जोखिम या खतरे में वृद्धि न होती हो

iv. स्थानीय Cotecna स्वास्थ्य एवं सुरक्षा अधिकारी को सभी घटनाओं की रिपोर्टिंग

1.6.3 Cotecna किसी भी प्रकार की कार्यस्थल संबंधी दुर्घटना, चोट या घटना की रिपोर्टिंग एवं अधिसूचना के संबंध में सख्त नियम लागू करता है। सभी कर्मचारी कंपनी की परिचालन प्रक्रियाओं के अनुसार ऐसे मामलों की रिपोर्ट करने के लिए बाध्य हैं। Cotecna, जोखिमों और अपनी स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रक्रियाओं में सुधार के अवसरों की पहचान करने के लिए अपने परिचालनों एवं कार्यस्थल के वातावरण की आवधिक ऑडिट आयोजित करता है।

1.6.4 प्रत्येक स्थायी Cotecna प्रतिष्ठान का वरिष्ठ प्रबंधक यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है कि कार्यस्थल में कानूनी आवश्यकताओं का पालन किया जाता हो और काम करने के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाता हो।

## 1.7 फेयर लेबर

1.7.1 Cotecna की फेयर लेबर पर नीति हमारे लोगों, और उन समुदायों एवं वातावरणों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को निर्धारित करती है, जिनमें हम काम करते हैं।

1.7.2 Cotecna की फेयर लेबर नीति निम्नलिखित है:

> अपनी कंपनियों के संपूर्ण विश्वव्यापी नेटवर्क में, Cotecna कार्यस्थल में अपने कर्मचारियों के रोजगार और प्रबंधन से संबंधित सभी मामलों में स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अन्य प्रासंगिक कानूनों और विनियमों का अनुपालन करता है।
> Cotecna कार्यस्थल में समान अवसरों का सम्मान करता है और उन्हें बढ़ावा देता है।
> Cotecna कार्यस्थल में किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार, दादागिरी या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करता है।
> Cotecna अनिवार्य स्कूली शिक्षा पूर्ण होने से पहले कम उम्र के बच्चों को नियुक्त नहीं करता है (किसी भी मामले में 16 साल से कम उम्र के नहीं)। 16-18 वर्ष की आयु के कर्मचारियों को खतरनाक गतिविधियों में नियोजित नहीं किया जाता है।
> Cotecna किसी भी प्रकार के जबरन या अनिवार्य श्रम को निषिद्ध करता है, चाहे वह जेल श्रम के रूप में, या क़रारबद्ध श्रम, बंधुआ मजदूरी, दासता मजदूरी या किसी भी अन्य प्रकार का गैर-स्वैच्छिक श्रम ही क्यों ना हो।

# कार्यक्रम का आयोजन

यह खंड इस बात के संगठनात्मक पहलुओं को निर्धारित करता है कि हमारे व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम (इसके बाद "कार्यक्रम" के रूप में संदर्भित) को अन्य तत्वों के बीच, निदेशक मंडल, वरिष्ठ प्रबंधन एवं सभी कर्मचारियों की प्रतिबद्धता एवं भूमिका को शामिल करते हुए कैसे कार्यान्वित किया जाता है।

इसकी विस्तृत प्रक्रियाएँ एवं कार्य निर्देश, हमारी सामूहिक अनुपालन नियमावली में प्रकाशित होते हैं, जो कॉर्पोरेट इंट्रानेट (Cotecnet) के माध्यम से सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध हैं।

कार्यक्रम के उद्देश्यों के लिए, शब्द 'वरिष्ठ प्रबंधक' का अर्थ उस Cotecna कार्यकारी से है, जिसके पास निम्नलिखित में से एक या अधिक की ज़िम्मेदारी है: एक भौगोलिक क्षेत्र, एक देश, एक अनुबंध, एक व्यवसाय स्ट्रीम, या एक कॉर्पोरेट सेवा (जैसे वित्त, एचआर, आईटी, विधि)। इस परिभाषा में प्रबंधक, निदेशक, क्षेत्र प्रबंधक, उपाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी और ऐसी सभी अन्य ग्रेड शामिल हैं, जिनके पास उपरोक्त सूचीबद्ध लोगों के समान जिम्मेदारियां हैं।

## 2.1 क्रियान्वयन

Cotecna इस संहिता के आधार पर पूरे संगठन में अपने व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम (इसके बाद "प्रोग्राम" के रूप में संदर्भित) को लागू करता है।

## 2.2 अनुपालन सिद्धांत एवं नियम

Cotecna निरीक्षण बोर्ड SA ने Cotecna व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन सिद्धांतों और कार्यान्वयन के प्रमुख तत्वों को प्रकाशित करके एवं अपनाकर इस व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता को लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, जो कम से कम, **कार्यान्वयन के लिए टीआईसीसी अनुपालन सिद्धांतों एवं आवश्यकताओं** को प्रतिबिंबित करते हैं ।

Cotecna व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता और प्रोग्राम में बाद में किए गए कोई भी अद्यतन, प्रकाशन के एक महीने के भीतर, टीआईसीसी अनुपालन संहिता के अनुपालन के सत्यापन के लिए टीआईसीसी के महानिदेशक के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

## 2.3 अनुपालन अधिकारी की नियुक्ति

Cotecna निरीक्षण बोर्ड एसए (SA), जिसके पास इस कार्यक्रम की अंतरिम जिम्मेदारी है, ने वरिष्ठ प्रबंधन के एक सदस्य को अनुपालन अधिकारी के रूप में नामित किया है, जिसे उसकी अन्य जिम्मेदारियों के बावजूद, Cotecna समूह में कार्यक्रम के कार्यान्वयन के समन्वयन की जिम्मेदारी एवं अधिकार भी प्रदान किए गए हैं। Cotecna में वरिष्ठ प्रबंधकों के ज़िम्मेदारी-क्षेत्र में कार्यक्रम का कार्यान्वयन उनकी जिम्मेदारी है।

## 2.4 अनुपालन समिति की स्थापना

Cotecna निरीक्षण एसए (SA) के बोर्ड ने कार्यक्रम की प्रगति की आवधिक समीक्षा करने और नीति-विषयक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक अनुपालन समिति की स्थापना की है। इस अनुपालन समिति में, कम से कम, सीईओ, Cotecna निरीक्षण बोर्ड एसए (SA) का एक प्रतिनिधि और अनुपालन अधिकारी शामिल होते हैं। परिचालन, मानव संसाधन एवं विधिक विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ प्रबंधन के अन्य सदस्य भी समिति में जुड़ सकते हैं। अनुपालन समिति की बैठक प्रति वर्ष कम से कम चार बार आयोजित की जाती है।

## 2.5 मानव संसाधन

### 2.5.1 भर्ती

जॉब ऑफ़र से पहले, Cotecna के संभावित कर्मचारियों को Cotecna व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम के बारे में बताया जाता है।

### 2.5.2 कर्मचारी प्रतिबद्धता

Cotecna सुनिश्चित करता है कि:

i. प्रत्येक कर्मचारी को Cotecna व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता की एक प्रति प्रदान की जाती है और एक घोषणा पर हस्ताक्षर करने का अनुरोध किया जाता है कि इसे प्राप्त किया गया, पढ़ा एवं समझ लिया गया है। कर्मचारी की फाइल में एक रिकॉर्ड रखा जाता है।

ii. प्रत्येक वरिष्ठ प्रबंधक को एक वार्षिक घोषणा (खंड 3.1 देखें) पर हस्ताक्षर करने होते हैं कि Cotecna के कार्यक्रम को उनके जिम्मेदारी-क्षेत्र में कार्यान्वित कर दिया गया है।

iii. प्रत्येक कर्मचारी को नियोजन की शर्त के रूप में, एक गैर-प्रकटीकरण अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता होती है, जो उसके रोजगार के दौरान प्राप्त किसी भी गोपनीय व्यावसायिक जानकारी को अन्य पक्षों के समक्ष प्रकटीकरण को निषिद्ध करता है।

कर्मचारियों को कार्यक्रम के सख्त कार्यान्वयन की वजह से उत्पन्न पदवनति, जुर्माने या किसी अन्य प्रतिकूल परिणाम का सामना नहीं करना पड़ेगा, भले ही इससे व्यवसाय में नुकसान हो।

#### 2.5.3 प्रशिक्षण

Cotecna के प्रबंधकों सहित सभी कर्मचारियों को उनकी कार्यक्रम की निरंतर समझ सुनिश्चित करने के लिए आवधिक अनुपालन प्रशिक्षण से गुजरना आवश्यक है। प्रत्येक कर्मचारी की फ़ाइल में पाठ्यक्रम पूरा होने का रिकॉर्ड रखा जाता है।

#### 2.5.4 संहिता निर्माण पर सलाह

Cotecna के कर्मचारियों को प्रदर्शन मूल्यांकन, कर्मचारी प्रशिक्षण सत्रों या समीक्षा बैठकों के दौरान (सीधे, अपने वरिष्ठ अधिकारी या कर्मचारी प्रतिनिधियों के माध्यम से) या सीधे अनुपालन अधिकारी को कार्यक्रम के विकास के बारे में इनपुट प्रदान करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

#### 2.5.5 कर्मचारी "हेल्प लाइन"

Cotecna ने "हेल्प लाइनों" की स्थापना की है, जहाँ से Cotecna के कर्मचारी, प्रोग्राम के कार्यान्वयन या व्याख्या से संबंधित किसी भी प्रश्न या चिंताजनक विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। कर्मचारी के अनुरोध पर, ऐसे किसी भी प्रश्न का गोपनीय ढंग से निपटान किया जाएगा और कर्मचारी की बेनामी को यथोचित व्यावहारिक तरीके से संरक्षित किया जाएगा।

- समर्पित हेल्प लाइन: +41 (0) 22 849 7814
- समर्पित ईमेल पता: compliance@cotecna.com

### 2.6 सुरक्षा उपाय

Cotecna यह सुनिश्चित करने के लिए गोपनीय व्यावसायिक जानकारी वाले अपने संगठन के परिसर में पर्याप्त सुरक्षा मानदंडों को लागू करता है कि:

i. अभिगम केवल अधिकृत कर्मियों तक ही सीमित है, और

ii. दस्तावेज़ / डेटा, निर्दिष्ट सुरक्षित क्षेत्रों में संग्रहीत किए जाते हैं और इनका निपटान सुरक्षित तरीके से किया जाता है।

### 2.7 बाहरी संचार

Cotecna निम्नलिखित द्वारा प्रभावी वाह्य संचार सुनिश्चित करता है:

2.7.1 Cotecna व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता www.cotecna.com पर प्रकाशित की गई है और इस संहिता की प्रतियाँ Cotecna के किसी भी कार्यालय में उपलब्ध हैं।

2.7. 2 संबंधित इच्छुक पक्षों से प्राप्त प्रश्न, शिकायत या फ़ीडबैक, वेब साइट से, ईमेल (compliance@cotecna.com) द्वारा या किसी भी Cotecna कार्यालय के महाप्रबंधक से की जा सकती है।

### 2.8. उल्लंघनों की रिपोर्टिंग

2.8.1 Cotecna के कर्मचारियों को उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघन के विवरणों को रिपोर्ट या तो (क) अनुपालन अधिकारी या उनके नामांकित प्रतिनिधि(यों) या (ख) कर्मचारी के वरिष्ठ अधिकारी या वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्य या आंतरिक लेखा परीक्षक से करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो बदले में, अनुपालन अधिकारी या उसके नामित प्रतिनिधि(यों) को सूचित करें।

रिपोर्ट करने वाले कर्मचारी को किसी भी प्रकार के प्रतिशोध के खिलाफ पूरी तरह से संरक्षित किया जाता है, जब तक कि उसने दुर्भावना से या बुरे इरादे के साथ काम न किया हो। यदि अनुरोध किया जाता है, तो कर्मचारी की बेनामी को यथोचित व्यावहारिक तरीके से संरक्षित किया जाएगा।

2.8.2 Cotecna के कर्मचारियों को धारा 2.8.1 के तहत प्रदान किए गए तरीके के अनुसार उनके संज्ञान में आने वाले किसी भी अनुचित भुगतान या लाभ के अनुरोध या प्रस्ताव की रिपोर्ट करने की आवश्यकता होती है।

### 2.9. जांच और प्रतिबंध

2.9.1. अनुपालन अधिकारी या उसके नामांकित प्रतिनिधि, जहां उपयुक्त हो, उन्हें सूचित किए गए या उनके संज्ञान में आने वाले कार्यक्रम के किसी भी उल्लंघन की जांच शुरू करते हैं।

2.9.2. अनुपालन अधिकारी जाँचों और प्रतिबंधों की हैंडलिंग के लिए अनुपालन समिति द्वारा अनुमोदित एक प्रलेखित प्रक्रिया तैयार करता है, जिसमें निम्नलिखित आवश्यकताएँ शामिल होती हैं:

i. सभी सूचित उल्लंघनों और बाद में की गई कार्रवाइयों के रिकार्डों का रखरखाव।

ii. इस तरह के उल्लंघन के कथित अपराधी को सुनवाई का अधिकार होता है।

iii. यदि उल्लंघन सिद्ध हो जाता है, तो Cotecna प्रबंधन या अनुपालन समिति को लागू किए जाने वाले उपयुक्त सुधारात्मक एवं अनुशासनात्मक मानदंडों का निर्णय लेना होता है। इन मानदंडों में एक फटकार, पदवनति, निलंबन या बर्खास्तगी शामिल हो सकती है।

iv. अनुपालन अधिकारी को अपने नामांकित प्रतिनिधियों और / या संबंधित स्थानों में मौजूद प्रबंधन से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करनी होती है और जांचों, स्थापित उल्लंघनों और सुधारात्मक कार्रवाइयों और अनुशासनात्मक मानदंडों के कार्यान्वयन पर अनुपालन समिति के लिए आवधिक सारांश रिपोर्ट तैयार करनी होती है।

## 2.10. व्यावसायिक संबंध

यह सुनिश्चित करने के लिए कि Cotecna का व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम, Cotecna के बाहरी पक्षों के साथ व्यापारिक संबंधों में उचित सीमा तक लागू किया जाता है और अनुचित भुगतान को उनके माध्यम से नहीं भेजा जाता है, Cotecna सुनिश्चित करता है कि ऐसी पार्टियां उपयुक्त सीमा तक Cotecna के अनुपालन कार्यक्रम का पालन करें। ऐसे पक्षों (जिन्हें "बिजनेस पार्टनर" भी कहा जाता है) में शामिल हैं:

> मध्यस्थों (सलाहकारों और परामर्शदाताओं सहित Cotecna के बाहर के व्यक्ति या संस्थाएँ, जिन्हें उनकी जिम्मेदारियों के हिस्से के रूप में Cotecna की सेवाओं का प्रचार प्रसार करना होता है)
> संयुक्त उद्यम भागीदार
> एजेंट्स (Cotecna के लिए बाहर के व्यक्ति या संस्था, जिन्हें Cotecna की ओर से परिचालन सेवाएं प्रदान करनी होती हैं)
> उपठेकेदार (Cotecna के साथ एक अनुबंध के तहत आउटसोर्स की गई गतिविधियों का प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति या संस्थाएँ)

अनुपालन समिति ने उचित प्रक्रियायें / कार्य निर्देश विकसित एवं वितरित किए हैं। इन प्रक्रियाओं में निम्नलिखित आवश्यकताएं शामिल हैं:

> ऐसी पक्षों के साथ किसी भी अनुबंध में प्रवेश करने या नवीनीकरण करने से पहले उचित सावधानी बरतना
> पक्ष को Cotecna के व्यवसाय नीति एवं अनुपालन सिद्धांतों से अवगत कराना और इस बात का आश्वासन प्राप्त करना कि पक्ष इन सिद्धांतों का उस हद तक पालन करेगी, जहाँ तक ये Cotecna की ओर से की जाने वाली गतिविधियों पर लागू होते हैं
> पक्ष की ओर से Cotecna की व्यवसाय नीति एवं अनुपालन सिद्धांतों का पालन करने की अनुबंधित प्रतिबद्धता प्राप्त करना और Cotecna को समय-समय पर इसे सत्यापित करने की अनुमति देना
> पक्ष द्वारा Cotecna के व्यवसाय नीति एवं अनुपालन सिद्धांतों के लगातार अनुपालन की निगरानी करना (और उल्लंघन का पता चलने की स्थिति में, उपचारात्मक कार्रवाई करना)
> रिश्वतखोरी में लिप्त किसी भी पक्ष के साथ सौदा नहीं करना।

सम्यक तत्परता में निम्नलिखित आवश्यकताएं शामिल हैं:

> जोखिम विश्लेषण
> पक्ष के साथ साक्षात्कार
> पक्ष की पृष्ठभूमि की जांच करना, जिसकी मध्यस्थों द्वारा समीक्षा की जाती है और Cotecna की अनुपालन समिति द्वारा अनुमोदन किया जाता है
> पारिश्रमिक विश्लेषण के माध्यम से सत्यापन, जिसे Cotecna की अनुपालन समिति द्वारा समीक्षित एवं अनुमोदित किया जाता है कि प्रत्येक मध्यस्थ को दिया गया पारिश्रमिक दी जाने वाली वैध सेवाओं के लिए उपयुक्त एवं उचित है और मध्यस्थ द्वारा अनुचित भुगतान करने में मदद नहीं करता है।

अनुमोदन के प्रस्तावित स्तरों के साथ-साथ प्रस्तावित व्यावसायिक भागीदारों के लिए मानदंड एवं सम्यक आवश्यकताओं का वर्णन समूह अनुपालन नियमावली में किया गया है। सरकारी अधिकारियों और सभी संयुक्त उद्यम भागीदारों के साथ सौदेबाज़ी करने के लिए आवश्यक मध्यस्थों को अनुपालन समिति की पूर्व समीक्षा एवं अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

इसके अतिरिक्त, Cotecna, मध्यस्थों और अन्य दलों के लिए, जैसा भी उपयुक्त हो, प्रशिक्षण एवं सहायता प्रदान करता है।

Cotecna, सभी मध्यस्थों के पारिश्रमिक का हिसाब अपने लेखा रिकॉर्ड में एक अलग सामान्य खाता बही में दर्ज करता है। Cotecna अपने संगठन के किसी भी परिचालन द्वारा किए जाने वाले ऐसे सभी भुगतानों को समेकित करता है और सभी मध्यस्थों के पारिश्रमिक का एक वार्षिक समेकित प्रबंधन विवरण तैयार करता है।

### 2.11 टीआईसीसी सदस्यों से संबंधित शिकायतें और अनुशासनात्मक प्रक्रियाएँ

टीआईसीसी अनुपालन संहिता की आवश्यकताओं के अनुसार, टीआईसीसी के अन्य सदस्यों द्वारा टीआईसीसी अनुपालन संहिता के साथ कथित गैर-अनुपालन के संबंध में कोई भी शिकायत, **टीआईसी परिषद शिकायत निपटान प्रक्रिया** के अनुसार टीआईसीसी में दर्ज कराई जाएगी।
Cotecna अन्य पक्षों को ऐसी शिकायतें प्रस्तुत करने से मना करता है जब तक कि Cotecna की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए ऐसा करना आवश्यक न हो।
टीआईसीसी अनुपालन संहिता के उल्लंघनों से टीआईसीसी द्वारा नियमों के अधीन लगाए गए प्रतिबंधों को बढ़ावा मिल सकता है, जिसमें **टीआईसी परिषद शिकायत निपटान प्रक्रियाओं** में निर्दिष्ट अपील के अधिकार भी शामिल हैं।

### 2.12 लेखा और बहीखाता

Cotecna सटीक बहीखाते एवं रिकॉर्ड तैयार करता है, जिसमें सभी वित्तीय लेनदेनों को सही और निष्पक्ष ढंग से दस्तावेजीकृत किया जाता है। ऑफ-द-बुक खाते निषिद्ध हैं।

### 2.13 स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

Cotecna सभी सूचित स्वास्थ्य एवं सुरक्षा घटनाओं की जांच करता है और जहां भी उपयुक्त हो, वहाँ उपचारात्मक उपाय करता है।

### 2.14 अनुपालन सारांश रिपोर्ट

Cotecna का अनुपालन अधिकारी वार्षिक आधार पर निम्नलिखित क्षेत्रों के लिए Cotecna की प्रक्रियाओं और नीतियों के अनुपालन को दर्शाने के लिए पुष्टियों या आँकड़ों को शामिल करते हुए एक सारांश रिपोर्ट तैयार करता है:

क) उल्लंघन - उल्लंघनों / सूचित संदिग्ध उल्लंघनों की संख्या; सिद्ध किए गए उल्लंघनों की संख्या; और इस बात की पुष्टि कि उपचारात्मक कार्रवाई निर्धारित की गई है और सिद्ध किए गए प्रत्येक उल्लंघन / गैर-अनुपालन के लिए कार्रवाई की गई है/की जा रही है।

ख) नए या नवीनीकृत मध्यस्थ और संयुक्त उद्यम भागीदार

i. वित्तीय वर्ष में नए या नवीनीकृत मध्यस्थों और संयुक्त उद्यम भागीदारों की संख्या;

ii. इस बात की पुष्टि कि प्रत्येक ने आवश्यकतानुसार Cotecna की सम्यक तत्परता प्रक्रियाओं का पालन किया है;

iii. इस बात की पुष्टि कि प्रत्येक के साथ व्यापार का एक उपयुक्त अनुबंध / शर्तें रखी गई हैं,

ग) खर्च - इस बात की पुष्टि कि खर्च Cotecna के अनुपालन कार्यक्रम और निम्नलिखित के लिए संबंधित नीतियों के अनुरूप हैं:

> राजनैतिक चंदा
> धर्मार्थ चंदा एवं प्रायोजन
> उपहार, आतिथ्य और खर्च से संबंधित व्यय
> मध्यस्थों का पारिश्रमिक

घ) स्वास्थ्य एवं सुरक्षा - रिपोर्ट की गई स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी घटनाओं की संख्या; और इस बात की पुष्टि कि प्रत्येक घटना के लिए उपचारात्मक कार्रवाई निर्धारित की गई है और कार्रवाई की जा रही है।

# सत्यापन

यह खंड उन साधनों को निर्धारित करता है, जिनके द्वारा Cotecna अपने संगठन में व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रभावशीलता की पुष्टि करता है।

विस्तृत प्रक्रियाओं और कार्य निर्देशों को हमारी सामूहिक अनुपालन नियमावली में प्रकाशित किया गया है, जो कॉर्पोरेट इंट्रानेट के माध्यम से सभी कर्मचारियों के लिए उपलब्ध है।

## 3.1. प्रबंधन घोषणाएँ

Cotecna को अपने पूरे संगठन में अपने वरिष्ठ प्रबंधकों से वार्षिक आधार पर एक अनुपालन घोषणा तैयार करने और इसे हस्ताक्षरित करने की आवश्यकता होती है, जो **कार्यान्वयन पर टीआईसीसी अनुपालन दिशानिर्देश** के **परिशिष्ट A** में निहित टेम्पलेट पर आधारित है। ये अनुपालन घोषणाएँ सभी लागू स्थानों और / या गतिविधियों के संबंध में, प्रति वर्ष 31 जनवरी तक अनुपालन अधिकारी द्वारा प्राप्त की जानी चाहिए। अनुपालन अधिकारी, अनुपालन समिति के समक्ष एक वार्षिक सारांश रिपोर्ट प्रस्तुत करता है।

## 3.2. आंतरिक ऑडिट

Cotecna के आंतरिक लेखा परीक्षक, उनकी आंतरिक ऑडिट योजना के हिस्से के रूप में यह सत्यापित करते हैं कि संगठन के भीतर Cotecna व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम को लागू किया गया है और यह कि धारा 2.5.2 (ii) के अनुसार प्रबंधन घोषणाएं,

i. Cotecna सामूहिक अनुपालन नियमावली के अनुरूप पूर्ण की गई हैं

ii. व्यवसाय नीति एवं अनुपालन कार्यक्रम के अनुपालन को परिलक्षित करती हैं और

iii. साइट ऑडिट के लिए चुने गए उन स्थानों के संबंध में, वास्तविक स्थिति को सही ढंग से दर्शाती हैं। इस तरह के साइट ऑडिट में मौजूद प्रक्रियाओं की समीक्षा की जाएगी और इसमें कार्यक्रम का प्रभावी अनुप्रयोग और कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, नमूना आधार पर परीक्षण शामिल होगा। मार्गदर्शन या संदर्भ के लिए, जैसा भी उपयुक्त हो, **सदस्य के आंतरिक अनुपालन ऑडिट के लिए टीआईसीसी मार्गदर्शन जाँच सूची** का प्रयोग किया जाता है।

ऐसे ऑडिट से प्राप्त अनुपालन निष्कर्षों के बारे अनुपालन अधिकारी को सूचित किया जाता है, जो अनुपालन समिति के समक्ष एक सारांश रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। जहां भी उपयुक्त हो, अनुपालन अधिकारी और / या अनुपालन समिति फ़ॉलो-अप कार्रवाई करती है।

## 3.3. बाहरी सत्यापन

कार्यक्रम के कार्यान्वयन का सत्यापन, दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण और Cotecna द्वारा नियुक्त मान्यता प्राप्त स्वतंत्र वाह्य ऑडिट फर्म द्वारा संचालित प्रक्रियाओं पर सहमति द्वारा किया जाता है।

### 3.3.1 आवृत्ति

वाह्य सत्यापन का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है।

### 3.3.2. स्वतंत्र बाहरी ऑडिट फ़र्म

Cotecna द्वारा सत्यापन करने के लिए नियुक्त स्वतंत्र वाह्य ऑडिट फर्म, Cotecna के (समेकित) वित्तीय विवरणों का ऑडिट करने वाली फर्म है। उक्त कार्य में संलिप्त फर्म एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय ऑडिट फर्म है, जो किसी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पेशेवर ऑडिट संगठन की सदस्य है।

### 3.3.3. Cotecna के नियुक्त बाहरी ऑडिट फ़र्म के बारे में टीआईसी परिषद को सूचना

वाह्य ऑडिट फर्म(मों) की नियुक्ति, या उसके बाद के किसी भी प्रस्तावित परिवर्तन से पहले, Cotecna, टीआईसीसी आवश्यकताओं के अनुपालन की पुष्टि के लिए टीआईसीसी के महानिदेशक के समक्ष विवरण प्रस्तुत करता है।

### 3.3.4. सत्यापन का दायरा

Cotecna निम्नलिखित कार्य करता है:

#### 3.3.4.1 टीआईसीसी के सत्यापन के लिए दस्तावेज़ों की प्रस्तुति

Cotecna निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करता है:

1) Cotecna का व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम, और प्रत्येक सिद्धांत (यदि अलग है) से संबंधित नीतियां।

2) इस विनिर्देशों सहित अनुपालन समिति के लिए संदर्भ की शर्तें, कि अनुपालन समिति अनुपालन कार्यक्रम की देखरेख के लिए जिम्मेदार है।
3) अनुपालन समिति के सदस्यों की सूची (पदनाम सहित)
4) व्यवसाय नीति एवं अनुपालन कार्यक्रम प्रशिक्षण सामग्री
5) कर्मचारी हेल्प लाइन की जागरूकता में मदद करने वाली सामग्री।
6) कर्मचारियों को उल्लंघन या संदिग्ध उल्लंघनों के विवरण की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु और जिन्हें वे रिपोर्ट कर सकते हैं, उससे संबंधित सामग्री।
7) Cotecna की वेब साइट का स्क्रीन प्रिंट, जहां:
   - व्यवसाय नीति एवं अनुपालन सिद्धांतों को समझाया गया है।
   - कोई भी इच्छुक पक्ष अपने प्रश्न, शिकायत या प्रतिक्रिया दे सकता है।
8) जांचों और प्रतिबंधों से निपटने के लिए दस्तावेज़ीकृत प्रक्रिया।
9) गोपनीय व्यावसायिक जानकारी (सूचना सुरक्षा नीति, गोपनीयता नीति) से संबंधित नीतियां।
10) स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी घटना रिपोर्टिंग और जांचों के लिए प्रक्रियाएं।
11) मध्यस्थों और संयुक्त उद्यम भागीदारों के साथ संबंधों को शुरू करने या नवीनीकृत करने के लिए सम्यक तत्परता संबंधी प्रक्रियाएं।
12) मध्यस्थों एवं संयुक्त उद्यम भागीदारों के साथ अनुबंध करने की प्रक्रिया और एक नए / नवीनीकृत मध्यस्थ या संयुक्त उद्यम भागीदार के साथ अनुबंध / नियमों एवं शर्तों का संबंधित टेम्पलेट।
13) **कार्यान्वयन के लिए टीआईसीसी दिशानिर्देश** के **परिशिष्ट A** में दिए गए टेम्पलेट पर आधारित वार्षिक प्रबंधन घोषणा का टेम्पलेट।
14) आंतरिक लेखापरीक्षा योजना का दायरा, जिसमें व्यवसाय नीति एवं अनुपालन संहिता के कार्यान्वयन की समीक्षा शामिल है।
15) **कार्यान्वयन के लिए टीआईसीसी दिशानिर्देश** के **परिशिष्ट B** में निर्दिष्ट किए गए अनुसार, Cotecna की प्रक्रियाओं एवं नीतियों के अनुपालन को प्रदर्शित करने वाले आँकड़ों या पुष्टियों को कवर करते हुए अनुपालन अधिकारी द्वारा तैयार की गई वार्षिक सारांश रिपोर्ट।
16) प्रक्रियाओं पर सहमत होने वालों के परिणामों की वार्षिक रिपोर्ट।

दस्तावेज जमा करते समय, Cotecna आकलन करता है कि जमा किए जाने वाले साक्ष्य, **कार्यान्वयन के लिए टीआईसीसी दिशानिर्देश** के **परिशिष्ट B** में वर्णित किए गए अनुसार सभी साक्ष्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, इसमें मौजूद किसी भी विचलन की लिखित रूप में व्याख्या की गई है।

जब तक अन्यथा न कहा जाए, दस्तावेजों को केवल तभी पुनः-जमा किया जाता हैं, जब उन्हें अद्यतित किया गया हो। कम से कम हर तीन साल में सभी दस्तावेजों की समीक्षा की जाती है और उन्हें अद्यतित किया जाता है या जब भी Cotecna की व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन संहिता एवं कार्यक्रम और/या टीआईसीसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में कोई अद्यतन होता है।

### 3.3.4.2 सहमत प्रक्रियाएं करने के लिए ऑडिट फ़र्म को अनुरोध

प्रतिवर्ष, Cotecna को निम्नलिखित क्षेत्रों पर हमारी सहमति प्रक्रियाओं के लिए स्वतंत्र ऑडिट फर्म की आवश्यकता होती है:

I) प्रत्येक नए कर्मचारी द्वारा अनुपालन संहिता की समझ
II) व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में कर्मचारियों की उपस्थिति
III) व्यवसाय नैतिकता एवं अनुपालन कार्यक्रम से संबंधित प्रश्न और / या मुद्दे उठाने के लिए कर्मचारी हेल्प लाइन (या समकक्ष - जैसे निर्दिष्ट ईमेल)
IV) इच्छुक पक्षों से प्राप्त प्रश्नों, शिकायतों एवं प्रतिक्रिया पर कार्रवाई करना
V) प्रत्येक नए कर्मचारी को गोपनीयता आवश्यकताओं की समझ
VI) राजनीतिक चंदा; धर्मार्थ चंदा और प्रायोजन; उपहार, आतिथ्य एवं व्ययों से संबंधित खर्च; और मध्यस्थों के पारिश्रमिक के लिए तैयार अनुसूचियां
VII) वरिष्ठ प्रबंधकों द्वारा वार्षिक अनुपालन घोषणा सबमिशन की निगरानी

विशिष्ट सहमति प्रक्रियाओं को **कार्यान्वयन के लिए टीआईसीसी दिशानिर्देश** दस्तावेज़ के **परिशिष्ट C** में विस्तारपूर्वक वर्णित किया गया है।

### 3.3.5 ऑडिट फ़र्म की रिपोर्ट

ऑडिट फर्म को Cotecna के समक्ष, **कार्यान्वयन के लिए टीआईसीसी दिशानिर्देश** के **परिशिष्ट C** में दिए गए टेम्प्लेट का उपयोग करके प्रक्रियाओं पर सहमति के परिणाम प्रदर्शित करते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है।

Cotecna, वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह महीने के भीतर अपनी ऑडिट फर्म की रिपोर्ट टीआईसीसी के समक्ष प्रस्तुत करता है।